DIGICONTENT LIMITED
Registered Office: Hindustan Times House (2nd Floor)
18-20, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi 110 001, India
T: +9111 66561355 W: www.digicontent.co.in
E: investor@digicontent.co.in, CIN: L74999DL2017PLC322147

21st August, 2026

BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai - 400 001

National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, 5th Floor,
Plot No. C-1, Block G,
Bandra-Kurla Complex, Bandra (E),
Mumbai - 400 051

Scrip Code: 542685

Trading Symbol: DGCONTENT

Sub: a) Newspaper advertisement - Regulation 30 and 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015

b) 9th (Ninth) Annual General Meeting (AGM) of the Company via video conferencing/other audio visual means

Dear Sir/Madam,

Please find enclosed herewith copy of relevant page of "Mint" (English) and "Hindustan" (Hindi) newspapers, published on 21st August, 2026, intimating Shareholders regarding the 9th AGM of the Company scheduled to be held on Wednesday, 23rd September, 2026, via video conferencing/ other audio visual means, along with other related information.

This is for your information and record.

Thanking you,

Yours faithfully,

For **Digicontent Limited**

Shubham Jain Digitally signed by Shubham Jain
Date: 2026.08.21 17:08:37 +05'30'

(Shubham Jain)
Company Secretary

Encl.: As above

IT pyramid gets slimmer as automation reshapes hiring

Since the start of FY26-27, seven of the country's 10 largest IT firms have announced changes

Jas Bardia
jas.bardia@livemint.com
BENGALURU

Automation is now forcing India's largest technology services firms to tinker with what has been a universal constant: their employee structure.

Since the start of fiscal year 2026-27, seven of the country's 10 largest information technology (IT) services firms have announced changes to their organizational structures, commonly referred to as the employee pyramid.

Traditionally, at the base of the pyramid are the junior-most employees with less than 7-10 years of experience, who constitute at least two-thirds of the total workforce. The middle tier comprises managers, who account for about a third of the headcount. At the apex is the leadership, which makes up about 5%, explained Sushovon Nayak, lead IT analyst at Anand Rathi Institutional Equities.

Traditionally, at the base of the pyramid are the junior-most employees with less than 7-10 years of experience. AFP

While Cognizant Technology Solutions Corp., Tech Mahindra Ltd, and Sonata Software Ltd are looking to broaden the base of the pyramid, Wipro Ltd, LTM Ltd, and Coforge Ltd are seeking to expand the middle. Tata Consultancy Services Ltd, the country's largest IT player, meanwhile, is looking to reshape the employee structure based on skills rather than years of experience.

These differing approaches reflect changing talent needs as firms increasingly deploy engineers with sales and consulting skills to help clients modernize existing technology faster.

The changing pyramid, however, could mean greater pressure for freshers to develop skills and become productive sooner, according to experts.

Cognizant's chief executive, S. Ravi Kumar, said the IT firm was hiring at the bottom while responding to a question about scaling the deployment of a frontier-certified workforce during its 29-July post-earnings analyst call.

"We are hiring at the bottom of the pyramid from outside, and we're doing it at scale, building bridges from inside," he said.

"We are re-architecting our talent model into AI-augmented early career talent led by 'player coaches'," reiterated a Cognizant spokesperson in response to Mint's emailed queries.

Its smaller peer Tech Mahindra has taken a similar stance. "Now, as we see growth coming back, and if we see a lot of this growth coming back on fixed price, transformational programme where we can add freshers, we are very very flexible in trying and improve the pyramid this year as well," said its chief operating officer, Atul Soneja, during the company's 22-April post-earnings analyst call. "While fresher additions are expected to increase over the next few years, our priority remains in maintaining an optimal balance between fresh and experienced talent, creating a strong talent pyramid that supports innovation, growth, and long-term value creation," said Richard Lobo, chief people officer of Tech Mahindra, in response to Mint's emailed queries.

On the other hand, Sonata Software's management said during its 11-May analyst call that the company "benefited from pyramid management". Cognizant, which follows a January-December financial calendar as against Indian IT's April-March, ended last year with $21.1 billion in revenue, up 7% from a year ago. Tech Mahindra and Sonata ended FY26 with revenues of $6.39 billion and $1.21 billion, respectively, up 2% and 1% year-on-year, respectively.

For an extended version of this story, go to livemint.com.

STACKING IT UP

THE changing pyramid, however, could mean greater pressure for freshers to develop skills	**COGNIZANT** and Tech Mahindra plan to hire juniors or cut back on mid-level staff	**TCS** stands out with a different approach, moving towards a skill-centric employee pyramid	**WIPRO** and LTM plan to hire more middle-management staff or reduce junior workforce

FCNR deluge leaves banks with a problem of plenty

FROM PAGE 1

respectively.

A handful of market participants also believe that some lenders may run into so-called negative carry, where a bank pays more to raise money than it earns by investing or lending that money. For example, if a bank pays 6.4% on the FCNR deposit and can only invest the resulting rupee liquidity at 6%, it loses money on the spread.

While the immediate challenge remains deployment for several banks, they could use the funds to support loan growth, which has been outpacing deposit growth, and close the funding gap.

The banking system's credit growth, excluding food credit, rose to ₹219 trillion at the end of July, up 19% from a year ago, RBI data showed. Deposits grew over 15% to ₹269 trillion.

"Some banks may run into negative carry, but not all. It depends on the rate at which they have raised the deposits and where they are able to deploy the funds," Reddy said.

However, banks such as HSBC or State Bank of India, which had a lower deposit cost of around 5.5%, could still earn a positive spread by investing in government bonds.

"Domestic lenders could replace FCNR(B) funding with bulk deposits and reduce their certificate of deposit issuance. Meanwhile, foreign banks could face some maturity mismatch if they invest the funds in corresponding five-year government securities," Gaura Sengupta, chief economist at IDFC FIRST Bank, said.

An email sent to the RBI seeking response on the matter went unanswered. In an interview to *Financial Express* on Thursday, governor Sanjay Malhotra said that the RBI expects at least $80 billion through a mix of FCNR, external commercial borrowings (ECB) and overseas foreign currency borrowings (OFCBs).

RBI decided to close the scheme a month early. HT

The sudden influx of FCNR(B) funds could also disrupt pricing in the short-term deposit market, where foreign banks have traditionally been active in the three-month segment.

The shortened timeline could also make some public-sector banks reluctant to pursue fresh overseas funding

"Typically, foreign banks used to get deposits in the three-month buckets. Now, if they have got a decent quantum of money, those short-term deposit rates can also get disturbed. The sudden surge by foreign banks will distort a lot of curves," a senior treasury official at a large private bank said, adding that the impact on short-term deposit rates would need to be watched.

The impact could extend beyond funding costs to banks' treasury operations. Banks may have entered into swaps and hedges based on an expected volume of FCNR(B) inflows. With the scheme now closing earlier than anticipated, some of those positions could become mismatched.

"Banks might have hedged their coupon exposure, thinking of X amount. But now it's less than X because the scheme has been closed," a second treasury official said. "So, they might make some losses on that extra hedge that they have done."

The shortened timeline could also make some public-sector banks reluctant to pursue fresh overseas funding, despite targets they had set earlier under the scheme. Banks still need to complete legal documentation and other procedural requirements before they can raise the funds, and with the FCNR(B) mobilization window closing early, some may conclude that there is simply not enough time to complete the process.

"There are kind of legal documentation issues and unlike domestic conditions, you need to set up an MTN (medium term-note) programme and you need to get a clearance. We might not be able to close these things before 31 August. So, the thinking is also that let's not do it," a senior public sector banker said.

The concern is particularly relevant for PSU banks that had been encouraged to set mobilization targets, with lenders such as Bank of Baroda, Punjab National Bank, Canara Bank and Indian Bank announcing sizeable targets.

The abrupt change has also disrupted banks' broader funding and asset-liability planning.

"Everything we are factoring and planning, fund planning happens, your ALM planning happens accordingly in anticipation of many things. But now things have been entirely changed," a senior banker said.

'चिल्लर' शेयरों से मोटी कमाई का लालच महंगा पड़ेगा

कलंक कथा

नई दिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार में कई बार कृत्रिम तरीके से शेयर की कीमत बढ़ाकर बाद में ऊंचे भाव पर बेचने का खेल खेला जाता है। इसे आम भाषा में 'पंप एंड डंप' कहा जाता है। पेनी शेयर और आईपीओ में ऐसा अक्सर देखने को मिलता है। घेनु बिल्डकॉन इंफ्रा के मामले में सेबी की हालिया अंतरिम कार्रवाई ने ऐसे जोखिमों को फिर सामने ला दिया है।

सेबी के मुताबिक, कंपनी ने सिर्फ 25 करोड़ की रकम को बार-बार आपस में जुड़ी कंपनियों में घुमाकर 1,000 करोड़ का असुरक्षित कर्ज दिखाया। बाद में 840 करोड़ रुपये के कर्ज को वरीयता आवंटन आधार पर इक्विटी शेयरों में बदल दिया गया। यानी कर्ज देने वाली छह संस्थाओं को इस मूल्य के नए शेयर जारी किए गए। इससे कंपनी का बाजार मूल्य एक समय करीब तीन करोड़ से बढ़कर 4,925 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

इसका असर यह दिखा कि कंपनी के शेयरों में जबरदस्त तेजी आई। जनवरी 2024 में कंपनी का शेयर 1.50 रुपये के भाव पर था, जो जून 2026 तक 11.50 रुपये पर पहुंच गया। इसके बाद जुलाई में शेयरों में डंपिंग यानी तेज बिकवाली शुरू हो गई। 15 अगस्त को छह संस्थाओं पर शेयर बेचने पर सेबी ने रोक लगा दी।

छोटे निवेशकों के लिए जाल

विशेषज्ञों के अनुसार, जब कंपनियां फर्जी कर्ज को इक्विटी में बदलकर शेयरों के दाम कृत्रिम रूप से बढ़ाती हैं, तो आम निवेशक झांसे में आकर शेयर खरीद लेते हैं। बाद में भाव गिरने पर उनकी पूंजी डूब जाती है। घेनु बिल्डकॉन के मामले में सेबी ने इसी तरह का पैटर्न पकड़ा है। ऐसे मामलों में चिल्लर यानी पेनी शेयर वाली कंपनियां अचानक बड़ी रकम मिलने या कर्ज को शेयर में बदलने जैसी घोषणा कर उसे बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश करती हैं। इससे शेयर में खरीदारी बढ़ती है तो कीमत में तेजी आती है। वहीं, आईपीओ के मामले में कंपनी का मूल्यांकन बहुत ऊंचा दिखाकर शेयर को ऊंचे भाव सूचीबद्ध करने का प्रयास होता है। इसके सूचीबद्ध होने के बाद बड़े निवेशक शेयर बेचकर निकल जाते है, नुकसान छोटे निवेशकों को उठाना पड़ता है।

'पंप एंड डंप' का खेल ऐसे समझें

पंप एंड डंप शेयर वे शेयर होते हैं, जिनकी कीमत को जानबूझकर तेजी से बढ़ाया जाता है। पहले कुछ लोग कम कीमत पर शेयर खरीदते हैं, फिर सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से शेयर को लेकर सकारात्मक प्रचार किया जाता है। कीमत बढ़ने पर शुरुआती निवेशक अपने शेयर बेचकर मुनाफा कमा लेते हैं। इसके बाद कीमत तेजी से गिरती है और ऊंची कीमत पर खरीदने वाले छोटे निवेशकों को भारी नुकसान हो सकता है।

इन संकेतों को न करें नजरअंदाज

1. कंपनी की कमाई स्थिर, लेकिन शेयर कई गुना बढ़े
2. बहुत कम कीमत वाले शेयर में अचानक भारी कारोबार का बढ़ जाना
3. सोशल मीडिया पर लगातार एक ही शेयर का प्रचार
4. बार-बार वरीयता आवंटन या नए शेयर जारी होना
5. कंपनी के कारोबार की तुलना में बाजार मूल्य असामान्य रूप से बढ़ना

नई प्रणाली ने बड़ी सेंधमारी पकड़ी

कलंक के खिलाफ

नई दिल्ली, एजेंसी। सेबी ने शेयर बाजार में 'समापन नीलामी सत्र (सीएएस)' के दौरान सेंसेक्स की कीमतों को कथित तौर पर प्रभावित करने के मामले में दो बड़ी कंपनियों को कारोबार से रोक दिया है।

सेबी ने जेपी मॉर्गन की कंपनी कॉफ्लॉन मॉरिशस इन्वेस्टमेंट लिमिटेड से 2.96 करोड़ रुपये और मानसी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड से 71.65 लाख रुपये जब्त करने का आदेश दिया है। सेबी के अंतरिम आदेश में बताया गया कि 13 अगस्त 2026 को सेंसेक्स से जुड़े साप्ताहिक वायदा सौदों की समाप्ति वाले 'समापन नीलामी सत्र' के हेरफेर के शुरुआती सबूत मिले थे। जांच में सेंसेक्स के नीचे जा रहे रुख के बीच तीन असामान्य तेज उछाल दिखाई दिए, जो दो सेकंड से लेकर 28 सेकंड के समय में हुए। आखिर में सेंसेक्स 78,080 पर बंद हुआ। सेबी के हिसाब से तय लेवल से लगभग 240 अंक ज़्यादा था। इससे नियामक को संदेह हुआ कि कुछ बड़े ऑर्डर अंतिम कीमत को प्रभावित कर रहे हैं।

दो कंपनियों ने ऐसे किया खेल, जब्ती का आदेश

सेबी के मुताबिक, सेंसेक्स में तेजी आने के दौरान कॉफ्लॉन की ओर से बहुत बड़े खरीद ऑर्डर लगाए गए। एक दो-सेकंड की अवधि में कुल खरीद ऑर्डर की रकम में कॉफ्लॉन की हिस्सेदारी 99.91 प्रतिशत थी। सेंसेक्स का भाव ऊपर जाने के बाद कॉफ्लॉन ने इन ऑर्डरों का बड़ा हिस्सा रद्द कर दिया। नियामक का आरोप है कि इन ऑर्डरों का उद्देश्य वास्तविक रूप से शेयर खरीदना नहीं, बल्कि कीमत को प्रभावित करना था। वहीं, मानसी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकिंग ने सेंसेक्स में शामिल आठ शेयरों में बड़े बिकवाली ऑर्डर लगाए, जो संदर्भ भाव को काफी कम कीमत पर थे। सेबी का आरोप है कि दोनों कंपनियों के पास उस दिन के वायदा सौदे थे, इसलिए शेयरों के भाव को ऊपर या नीचे प्रभावित करने से उन्हें फायदा हुआ।

पिछले एक साल में खाद्य तेल की कीमतों में 12 से लेकर 15 फीसदी की बढ़ोतरी हुई

अनुमान : त्योहारों तक खाद्य तेल की कीमत में राहत के आसार कम

विशेष

नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो। खाद्य तेल की बढ़ती कीमतें देश की महंगाई के लिए नई चिंता बनकर उभर रही हैं। पिछले एक साल में खाद्य तेल की कीमतों में 12-15 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। उद्योग का कहना है कि आने वाले त्योहार और शादी के मौसम में मांग बढ़ने से भी खाद्य तेल की कीमतों पर दबाव बने रहने की आशंका है। नई फसल आने तक कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रह सकती हैं।

वैश्विक बाजार में ऊंची कीमतों, माल ढुलाई की बढ़ती लागत और रुपये में कमजोरी के कारण घरेलू बाजार में तेल महंगा हुआ है। भारत अपनी खाद्य तेल की जरूरत का करीब 60 फीसदी आयात करता है। ऐसे में घरेलू बाजार की कीमतों पर अंतरराष्ट्रीय बाजार में होने वाले बदलाव का सीधा असर पड़ता है। इसलिए निकट अवधि में खाद्य तेल की कीमतें घरेलू तिलहन की बुवाई से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय बाजार और दूसरे बाहरी कारकों पर निर्भर रहेंगी।

जुलाई महीने में 35 फीसदी बढ़ा तेल का आयात

भारत में खाद्य तेल का मासिक आयात आमतौर पर 9.48 लाख टन से 16 लाख टन के बीच रहता है। जुलाई में यह आयात बढ़कर 14.8 लाख टन हो गया, जबकि जून में 11 लाख टन खाद्य तेल का आयात हुआ था। यानी एक महीने में आयात करीब 35 फीसदी बढ़ा। आयात बढ़ने की मुख्य वजह पाम तेल और सोयाबीन तेल रहा। पाम तेल का आयात पिछले महीने की तुलना में 48% और सोयाबीन तेल का आयात 31% बढ़ा। जुलाई 2025 में भारत ने 16.1 लाख टन खाद्य तेल आयात किया था। इस साल जुलाई में आयात 8.3% कम रहा।

8.3 फीसदी कम हुआ इस साल जुलाई में तेलों का आयात

60 फीसदी आयात करता है भारत अपनी खाद्य तेल की जरूरत का

नौ महीने में 11.9 करोड़ टन खाद्य तेल आयात

आंकड़ों के अनुसार, 2025-26 के खाद्य तेल विपणन वर्ष के पहले नौ महीनों यानी नवंबर से जुलाई के दौरान कुल खाद्य तेल आयात 1.19 करोड़ टन रहा। पिछले साल की समान अवधि में यह 1.13 करोड़ टन था। यानी इस अवधि में खाद्य तेल का कुल आयात बढ़ा है। दूसरी ओर, वैश्विक बाजार में भी खाद्य तेल की कीमतें मजबूत बनी हुई हैं। पाम तेल की कीमतों को बायोडीजल की बढ़ती मांग और आपूर्ति कम रहने की आशंका से समर्थन मिल रहा है। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन का वनस्पति तेल मूल्य सूचकांक जुलाई में महीने-दर-महीने 2 फीसदी बढ़ा।

तिलहन की बुवाई बढ़ी, लेकिन तुरंत राहत नहीं

देश में तिलहन की बुवाई का रकबा बढ़ा है। आंकड़ों के अनुसार, सात अगस्त तक तिलहन की बुवाई 1.8 करोड़ हेक्टेयर में हो चुकी थी। पिछले साल इसी समय यह 1.75 करोड़ हेक्टेयर था। बुवाई बढ़ने से सीजन के आगे बढ़ने पर खाद्य तेल की उपलब्धता बेहतर हो सकती है। इससे आने वाले महीनों में दबाव कुछ कम होने की उम्मीद है। हालांकि, इसका असर तुरंत दिखाई देने की संभावना नहीं है।

महंगाई के बीच घरेलू बजट की बढ़ी चिंता

खाद्य तेल की बढ़ती कीमतें ऐसे में चिंता बढ़ा रही हैं, जब महंगाई में भी बढ़ोतरी शुरू हुई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई जुलाई में बढ़कर 4.45% हो गई, जबकि जून में यह 4.38% थी। खाद्य तेल के ऊंचे दाम आने वाले महीनों में घरेलू बजट पर असर डाल सकते हैं। खासकर त्योहार और शादी के मौसम में कीमतों में तत्काल गिरावट की संभावना कम मानी जा रही है।

mint

प्याज की कीमतें एक माह में 30 फीसदी तक उछलीं

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। प्याज के दाम में बीते एक महीने में करीब 25 से 30 फीसदी तक बढ़ोतरी हुई है। अच्छी गुणवत्ता वाली प्याज का खुदरा भाव कई जगहों पर 50 से 55 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गया है।

बीते कुछ महीनों से प्याज की कीमतों में उछाल देखा जा रहा है लेकिन बीते एक महीने के दौरान प्याज की कीमतों में औसतन 25 से 30 रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि हुई है। प्याज की थोक कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी का असर खुदरा बाजार में भी देखने को मिल रहा है।

खुदरा बाजार में प्याज एक महीने पहले तक 40-45 रुपये किलोग्राम थी जो अब बढ़कर 50 से 55 रुपये प्रतिकिलोग्राम तक पहुंच गई है। ऐसे में सरकार अगले सप्ताह से स्टॉक से प्याज जारी करने की तैयारी में है। इस बार सरकार ने करीब दो लाख टन प्याज स्टॉक किया है।

एशिया की सबसे बड़ी मंडी कही जाने वाली महाराष्ट्र की लासलगांव मंडी में प्याज के थोक भाव में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। 19 अगस्त को मंडी में प्याज थोक भाव 3,750 रुपये प्रति क्विंटल था।

31 अक्टूबर तक कच्ची चीनी आयात की अनुमति

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। केंद्र सरकार ने घरेलू बाजार में चीनी की उपलब्धता बढ़ाने और पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करने के लिए कच्ची चीनी के आयात को लेकर बड़ा फैसला लिया है। देश में तेजी से बढ़ती चीनी की कीमतों को देखते हुए सरकार ने कच्ची चीनी के आयात से जुड़ी नीति में अहम बदलाव किया है। इसके बाद 31 अक्टूबर 2026 तक 10 लाख मीट्रिक टन तक शुल्क मुक्त कच्ची चीनी के आयात की अनुमति प्रदान की गई है। गुरुवार को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाले विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की तरफ से अधिसूचना जारी की गई।

बाजार 30s

शेयर बाजार

सेंसेक्स	निफ्टी
77,537 +628.04	24,231 +153.55

कमोडिटी

	भाव	बदलाव
सोना	1,62,300	+4,300
चांदी	2,45,000	+10,000

करेंसी

डॉलर/रुपया 95.70 +0.03

आदित्य बिड़ला स्वर्ण ऋण कारोबार में

मुंबई। आदित्य बिड़ला कैपिटल ने स्वर्ण ऋण कारोबार में कदम रखा है। इसके साथ ही कंपनी तेजी से बढ़ते स्वर्ण ऋण बाजार में अपनी मौजूदगी बढ़ाने वाले गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों की सूची में शामिल हो गई है। बिड़ला समूह ने इस कारोबार मे उतरने के लिए अधिग्रहण का रास्ता नहीं चुना है, बल्कि कंपनी की वित्तीय सेवा इकाई अपना स्वर्ण ऋण कारोबार खुद शुरू कर रही है।

डॉलर के मुकाबले रुपये में तीन पैसे की बढ़त

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुरुआती बढ़त गंवाते हुए महज तीन पैसे के लाभ के साथ 95.70 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। डॉलर सूचकांक में कमजोरी से रुपये को शुरुआती समर्थन मिला, लेकिन कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने इसके लाभ को सीमित कर दिया।

इसरो के पूर्व चेयरमैन आरबीआई के बोर्ड में

मुंबई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व चेयरमैन एस. सोमनाथ को बृहस्पतिवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय बोर्ड में नियुक्त किया गया। जनवरी, 2025 में इसरो चेयरमैन पद से सेवानिवृत्त हुए सोमनाथ को 20 अगस्त, 2026 से चार साल की अवधि के लिए केंद्रीय बोर्ड में अंशकालिक, गैर-आधिकारिक निदेशक नियुक्त किया गया है।

नौ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर में बढ़ोतरी दर्ज

नई दिल्ली। कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, सीमेंट, बिजली और लौह अयस्क का उत्पादन बढ़ने से देश के नौ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जुलाई में बढ़कर 5.4 प्रतिशत हो गई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, एक साल पहले जुलाई में इन प्रमुख उद्योगों का उत्पादन 3.2 प्रतिशत बढ़ा था। वहीं, जून, 2026 में इनकी वृद्धि दर छह प्रतिशत रही थी।

एसबीआई के खाते से मुफ्त निकासी की सीमा तय हुई

नई दिल्ली, एजेंसी। एसबीआई ने बुनियादी बचत बैंक जमा खाताधारकों के लिए नगद निकासी के नियमों में भी बदलाव किया है। नया नियम एक अक्टूबर 2026 से लागू होगा। इसके तहत ग्राहक महीने में चार बार तक नगद निकाल सकेंगे और इन निकासियों पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा।

चार मुफ्त निकासी पूरी होने के बाद हर अतिरिक्त नगद निकासी पर 15 रुपये का शुल्क देना होगा। इसके अलावा लागू जीएसटी भी लगेगा। यानी पांचवीं और उसके बाद की हर निकासी पर 15 रुपये और जीएसटी देना होगा।

बड़ी एफडी पर दर घटाई

भारतीय स्टेट बैंक ने तीन करोड़ और उससे अधिक की घरेलू थोक सावधि जमा पर कुछ अवधि के लिए ब्याज दरों में कटौती की है। बैंक की नई दरें 15 अगस्त 2026 से लागू हो गई हैं। बदलाव मुख्य रूप से छोटी अवधि की थोक एफडी पर किया गया है।

निवा बूपा हेल्थ के कारोबार विस्तार पर इरडा की रोक

नई दिल्ली, एजेंसी। स्वास्थ्य बीमा कंपनी निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस पर बीमा नियामक इरडा ने छह महीने के लिए नए कारोबारी कार्यालय खोलने पर रोक लगा दी है।

कंपनी के मुताबिक, यह कार्रवाई वित्त वर्ष 2024-25 में प्रबंधकीय खर्च की निर्धारित सीमा का पालन नहीं करने को लेकर की गई है। यानी कंपनी ने बीमा कारोबार चलाने से जुड़े खर्चों पर नियामकीय सीमा का उल्लंघन किया।

इसमें बीमा कंपनी के संचालन से जुड़े खर्च शामिल होते हैं, जैसे कर्मचारियों का खर्च, कमीशन, मार्केटिंग, प्रशासन और अन्य कारोबारी लागत। बीमा नियामक इरडा इन खर्चों की सीमा इसलिए तय करता है ताकि कंपनियां प्रीमियम की बहुत बड़ी रकम सिर्फ कारोबार बढ़ाने और प्रशासनिक खर्चों में न लगा दें और पर्याप्त पैसा पॉलिसीधारकों के दावों को पूरा करने के लिए उपलब्ध रहे।

पॉलिसीधारक पर सीधा असर नहीं होगा : मौजूदा ग्राहकों के लिए फिलहाल कोई सीधा असर नजर नहीं आता। सिर्फ नए कार्यालय खोलने पर रोक लगने से मौजूदा स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी की वैधता, कवरेज या पहले से तय दावे अपने आप प्रभावित नहीं होते। हालांकि, नए ग्राहक को कंपनी की सेवाएं लेने में किसी खास शहर में शाखा विस्तार रुकने के कारण अप्रत्यक्ष असर महसूस हो सकता है।

प्रसाद की भ्रामक बिक्री पर जुर्माना लगाया

नईदिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन की इकाई अमेजन सेलर सर्विसेज पर अपने मंच पर साधारण मिठाइयों को 'श्री राम मंदिर अयोध्या प्रसाद' के नाम से बेचने वाली भ्रामक सूची प्रदर्शित करने के मामले में एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सीसीपीए के चार अगस्त को पारित आदेश के मुताबिक, प्राधिकरण ने पाया कि अमेजन के ई-कॉमर्स मंच पर साधारण मिठाइयां 'श्री राम मंदिर अयोध्या प्रसाद' के नाम से बेची जा रही थीं, जबकि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से इनके लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी।

निफ्टी में एक हफ्ते से जारी गिरावट थमी

मुंबई, एजेंसी। घरेलू शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 628 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी सात दिन से जारी गिरावट से उबरते हुए 153 अंक के लाभ में रहा।

वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल में नरमी के साथ जोखिम लेने की धारणा मजबूत होने से दुनिया के लगभग सभी प्रमुख बाजारों में तेजी रही सेंसेक्स 628.04 अंक की बढ़त के साथ 77,537.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 701.43 अंक बढ़कर 77,611.11 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी सात दिन की गिरावट से उबरते हुए 153.55 अंक की बढ़त के साथ 24,231.85 अंक पर बंद हुआ।